रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 562] नई दिल्ली, शुक्रवार, अगस्त 10, 2018/श्रावण 19, 1940
No. 562] NEW DELHI, FRIDAY, AUGUST 10, 2018/SHRAVANA 19, 1940

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

(वन संरक्षण प्रभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 10 अगस्त, 2018

सा.का.नि. 766(अ).—केन्द्रीय सरकार ने प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि अधिनियम, 2016 (2016 का 38) की धारा 30 की उप धारा (i) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उस तारीख, जिसको भारत के राजपत्र, जिसमें यह अधिसूचना अन्तर्विष्ट है की प्रतियां, जन साधारण को उपलब्ध करा दी गई थीं, से तीस दिन की अवधि के समाप्त होने से पूर्व उन व्यक्तियों से, जिनके इसके द्वारा प्रभावित होने की संभावना है, से आपत्ति और सुझाव आमंत्रित करने के लिए पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में भारत सरकार की अधिसूचना सं. सा.का.नि. 172 (अ) तारीख 16 फरवरी, 2018 द्वारा भारत के राजपत्र असाधारण, भाग-II, खंड 3, उपखंड (i) तारीख 17 फरवरी, 2018 में प्रारूप प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि नियम, 2018 को प्रकाशित किया था;

और जिस राजपत्र में उक्त अधिसूचना प्रकाशित की गई थी, उसकी प्रतियां जन साधारण को 17 फरवरी, 2018 को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और उक्त प्रारूप नियमों के संबंध में प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार कर लिया गया है;

अत: अब केंद्रीय सरकार साधारण खण्ड अधिनियम, 1897 की धारा 22 के साथ पठित प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि अधिनियम, 2016 (2016 का 38) की धारा 30 की उपधारा (1) और धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य सरकार के साथ परामर्श से निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.- इन नियमों का संक्षिप्त नाम प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि नियम, 2018 है ।

2. परिभाषाएं.- (1) इन नियमों में, जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो.-

(क) **"अधिनियम"** से प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि अधिनियम, 2016 (2016 का 38) अभिप्रेत है;

(ख) **"वार्षिक प्रचालन स्कीम"** से यथास्थिति राष्ट्रीय प्राधिकरण या राज्य प्राधिकरण, द्वारा अनुमोदित भौतिक क्रियाकलाप या वित्तीय उपबंधों की वह वार्षिक स्कीम अभिप्रेत है, जिसमें महत्वपूर्ण उपलब्धियों और सफलता की शर्तों का वर्णन किया जाता है और जिसमें यह विस्तार से बताया जाता है कि प्रदत्त बजट अवधि में, वित्तीय वर्ष के दौरान, किसी कार्यनीतिक वार्षिक स्कीम को किस प्रकार प्रचालित किया जाएगा और जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ, वर्ष के दौरान राज्य निधि से निष्पादित किए जाने वाले प्रत्येक क्रियाकलाप का संक्षिप्त विवरण, प्रक्कलन लागत, लागत अनुमान का आधार, क्रियान्वयन के लिए अभिज्ञात अभिकरण तथा समय सारणी शामिल है;

(ग) **"प्ररूप"** से इन नियमों से संबद्ध प्ररूप है;

(घ) **"धारा"** से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है;

(ड.) **"तृतीय पक्षकार निगरानी"** से उन पक्षकारों द्वारा राष्ट्रीय निधि तथा राज्य निधि से निष्पादित कार्यों की निगरानी तथा मूल्यांकन अभिप्रेत हैं, जो परिस्कीम की प्रत्यक्ष फायदाग्राही श्रृंखला और प्रबंधन संरचना से बाहर के हों, जिनका केन्द्र सरकार द्वारा यह निर्धारण करने के लिए कि अपेक्षित सामाजिक, पर्यावरणीय या अन्य प्रभाव प्राप्त हो रहे हैं और अनपेक्षित प्रभावों से बचा जा रहा है, बेस लाइन के अतिरिक्त यथा निर्धारित मूल्यांकन के पैरामीटरों पर हितों का टकराव न हो, अभिप्रेत है;

(च) **"ग्राम वन प्रबंधन समिति"** से राज्य में सक्षम प्राधिकारी द्वारा संयुक्त वन प्रबंधन के लिए गठित समिति अभिप्रेत है;

(छ) **"कार्यपालक स्कीम"** से भारत में वनों तथा जैव-विविधता के वहनीय प्रबंधन के लिए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित "राष्ट्रीय कार्यपालक स्कीम संहिता" के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा तैयार तथा अनुमोदित की गई वन भूमि प्रबंधन स्कीम अभिप्रेत है;

(2) इन नियमों में प्रयुक्त शब्दों तथा अभिव्यक्तियों जिन्हें परिभाषित नहीं किया गया है, किन्तु प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि अधिनियम, 2016 (2016 का 38), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53), वन संरक्षण अधिनियम, 1980 (1980 का 69), जैव विविधता अधिनियम, 2002 (2003 का 18) और अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) तथा इन अधिनियमों के अंतर्गत बनाए गए नियमों में परिभाषित किया गया है, का अर्थ क्रमश: उन अधिनियमों और नियमों में उनके अर्थ के समनुदेशित ही रहेगा।

3. **राष्ट्रीय निधि का प्रबंधन** – राष्ट्रीय निधि का प्रबंधन समय-समय पर यथा प्रयोज्य सरकारी लेखांकन नियम, 1990 और साधरण वित्त नियम, 2017 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

4. **राज्य निधि का प्रबंधन -** राज्य निधि का प्रबंधन राज्य वित्तीय नियमों के उपबंधों या राज्य में समय-समय पर प्रयोज्य ऐसे नियमों के अनुसार किया जाएगा।

5. **शुद्ध वर्तमान मूल्य के उपयोग की रीति** – (1) राज्य निधि में जमा की गई निवल वर्तमान मूल्य हेतु प्राप्त रकमों का उपयोग उपनियम (2) और उपनियम (3) में विहित रीति से किया जाएगा।

(2) उप नियम (1) में उल्लिखित रकमों की अस्सी प्रतिशत से अन्यून रकम राज्य में वन तथा वन्यजीव प्रबंधन के लिए निम्नलिखित कार्यकलापों के लिए उपयोग में लाई जाएगी, अर्थात् :

(क) सहायता प्रदत्त प्राकृतिक पुनरुज्जीवन;

(ख) कृत्रिम पुनरूज्जीवन;

(ग) वनों में वन-वर्धन संबंधी कार्यकलाप;

(घ) रोपणों और वनों का संरक्षण;

(ङ.) वनों में नाशक जीव और रोगों का नियंत्रण;

(च) दावानल निवारण और नियंत्रण संबंधी कार्यकलाप;

(छ) वनों में मृदा और आर्द्रता संरक्षण संबंधी कार्य;

(ज) संरक्षित क्षेत्रों से गांवों को स्वैच्छिक रूप से अन्यत्र बसाया जाना;

(झ) अनुमोदित वन्यजीव प्रबंधन स्कीम/कार्यपालक स्कीम में यथा विहित वन्यजीव पर्यावास का सुधार;

(ञ) वन्यजीव गलियारों में आने वाली वनेतर भूमि पर रोपण तथा वनावरण का पुनरूज्जीवन;

(ट) पशु बचाव केन्द्र की स्थापना, अभिचालन और अनुरक्षण और वन्य पशुओं के लिए पशु उपचार सुविधाएं;

(ठ) वन की सीमा के निकटतम गावों में राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर यथानिर्दिष्ट काष्ठ की बचत करने वाले उपकरणों और अन्य वन उत्पादों की बचत करने वाले यंत्रों की आपूर्ति।

(ड) जैव विविधता तथा जैव संसाधनों का प्रबंधन

स्पष्टीकरण : ऐसे मामलों में जहां वन्यजीव प्रबंधन और संरक्षण की स्कीमों के लिए निधियां विनिर्दिष्ट रूप से एकत्रित की जाती हैं और राज्य निधि में जमा कराई जाती हैं, वे निधियां विनिर्दिष्ट वन्यजीव क्षेत्रों में वन्यजीव प्रबंधन के लिए खर्च की जानी चाहिए, न कि निवल वर्तमान मूल्य से।

(3) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट रकमों की बीस प्रतिशत से अनधिक रकम वन तथा वन्यजीवों से संबंधित अवसंरचना को सुदृढ़ करने राज्य निधि के उपयोग में शामिल कार्मिकों की क्षमता निर्माण के लिए किया जाएगा, अर्थात् :-

(क) गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री के उत्पादन के लिए आधुनिक पौधशालाओं और अन्य रोपण स्टॉक उत्पादन सुविधाओं की स्थापना, उन्नयन और अनुरक्षण;

(ख) पर्यासंवर्धन के परिक्षण, भूमि पशुओं और सूक्ष्मजीवों की लोक विविधता और विशिष्ट विकसित किस्मों; पालतू पशुधन और नस्लों का संरक्षण और जैवविविधता से संबंधित ज्ञान के इतिवृत्त लेखन सहित जैवीय विविधता का संरक्षण, वहनीय उपयोग और प्रलेखन;

(ग) वन तथा वन्यजीवों के संरक्षण के प्रयोजन के लिए संसूचना तथा सूचना प्रौद्यागिकी के लिए प्रयुक्त होने वाले उपस्करों या उपकरणों की खरीद और अनुरक्षण;

(घ) निरीक्षण मार्गों, वन क्षेत्र में वन सड़कों, अग्नि रेखाओं, निगरानी टावरों, चेक पोस्टों और इमारती लकड़ी के डिपों का संनिर्माण, उन्नयन और अनुरक्षण;

(ङ.) वन और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए नियुक्त किए गए अग्रिम पंक्ति के स्टाफ के लिए वनों में आवासीय तथा कार्यालय भवनों का निर्माण;

IndiaCode

(च) राज्य निधि से किए जाने वाले वन और वन्यजीव के संरक्षण के कार्यों के लिए राज्य वन विभाग के नियमित कर्मचारिवृंद की सहायता करने के लिए स्थानीय लोगों या श्रमिकों को अनियमित रूप से लगाया जाना;

(छ) प्रतिकरात्मक वनरोपण कार्यों, मृदा और आर्द्रता संरक्षण, आवाह क्षेत्र शोधन और राज्य निधि से निष्पादित की जाने वाली वार्षिक स्कीमों को तैयार करने के लिए वन क्षेत्रों का सर्वेक्षण और मानचित्रण;

(ज) राज्य निधि से किए जाने वाले कार्यों की तृतीय पक्षकार निगरानी सहित कार्यों की स्वतंत्र समवर्ती निगरानी और मूल्यांकन;

(झ) राज्य प्राधिकरण द्वारा राज्य निधि से कार्यान्वित की जा रही विभिन्न स्कीमों पर प्रचार-सह-जागरूकता कार्यक्रम और प्रदर्शनी;

(ञ) राज्य सरकार द्वारा संवर्धित सरकारी भूमि पर वनों के बाहर वृक्षों को बढ़ावा दिए जाने के लिए सहायिकी वाले मूल्य पर प्रमाणिक नर्सरी के माध्यम से गुणवत्ता वाली रोपण सामग्री का उत्पादन और वितरण;

(ट) वन प्रमाणीकरण और प्रमाणीकरण मानकों का विकास:

परन्तु यदि उपनियम (2) और (3) में निर्दिष्ट कार्यकलाप राज्य सरकार के वन विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में वन भूमि पर किए जाने हैं, तो उक्त कार्यकलापों को कार्यपालक स्कीम के अनुसार किए जाएंगे;

और परन्तु यह कि राज्य सरकार के राज्य वन विभाग के नियंत्रणाधीन कार्यपालक स्कीम के अनुसार वन भूमि पर उक्त कार्यकलाप ग्राम सभा या ग्राम वन प्रबंधन समिति यथास्थिति, के परामर्श से किए जाएंगे और अनुसूचित जनजाति और अन्य पारंपरिक वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) के उपबंधों और इसके अन्तर्गत जारी दिशानिर्देशों, जहां कहीं लागू हो, के अनुरूप होंगे।

परंतु यह भी कि यदि किसी मामले में उक्त कार्यकलाप उन क्षेत्रों में किए जाते हैं, जो अनुमोदित कार्य स्कीम द्वारा शामिल नहीं किए जाते हैं तब उपनियम (2) और (3) में उल्लिखित कार्यकलाप संबंधित ग्राम सभा अथवा ग्राम वन प्रबंधन समिति अथवा उस क्षेत्र पर अधिकार रखने वाले किसी प्राधिकरण के परामर्श से किया जाएगा और वे अनुसूचित जातियों और अन्य पारंपरिक वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) के उपबंधों और उसके अधीन जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अधीन जहां भी लागू हो, के अनुरूप होंगे।

(4) उप नियम (1) में निर्दिष्ट रकम का उपयोग निम्नलिखित कार्यकलापों के लिए नहीं किया जाएगा, अर्थात्:

(क) राज्य निधि से विभिन्न वन प्रभागों में कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करने के लिए राज्य वन विभाग के नियमित कर्मचारियों को वेतन, यात्रा भत्तों, चिकित्सीय व्यय आदि का भुगतान;

(ख) विदेश दौरे करना;

(ग) अधिकरणों अथवा न्यायालयों में फाइल किए गए मामलों, जो राज्य प्राधिकरण के प्रबंधन से संबंधित नहीं है, का प्रतिवाद करने के लिए विधिक सेवाओं के लिए भुगतान;

(घ) राज्य निधि से विभिन्न वन प्रभागों में कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करने के लिए राज्य वन विभाग के लिए भारी वाहनों और मशीनों और अधिकारियों के लिए वाहनों अथवा स्टॉफ कार की खरीद;

(ङ) राज्य निधि से किए गए विभिन्न वन प्रभागों में कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए राज्य वन विभाग के वन रेंज, अधिकारियों से बड़े अधिकारियों के लिए आवासीय और कार्यालयी भवनों का निर्माण;

(च) वनीकरण प्रयोजन के लिए भूमि को पट्टे पर देने, किराए पर देने और उसकी खरीद करने;

(छ) विभिन्न वन प्रभागों में राज्य निधि से किए गए कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए राज्य वन विभाग के आवासों और कार्यालयों के लिए एयर कंडीशनरों और जेनेरेटर्स सेटों सहित फर्नीचर, कार्यालय उपकरण, फिक्सचर की खरीद;

(ज) कार्य स्कीम निर्धारण के अनुसार राजस्व सृजन के लिए वृक्षों की वाणिज्यिक कटाई द्वारा वन में सृजित खाली स्थानों में कार्य स्कीम के अनुसार अनिवार्य वनीकरण;

(झ) ऐसी स्कीमों के प्रतिपूरक कार्यों अथवा बकाया कार्यों को पूरा करने के लिए स्कीमों के आंशिक रूप से वित्त पोषण के प्रयोजन के लिए सरकार की अन्य स्कीमों के अधीन किए गए वन और वन्यजीव संरक्षण और अन्य कार्यकलापों को करने के लिए;

(ञ) चिड़ियाघर और वन्यजीव सफारी की स्थापना, विस्तारण और उन्नयन।

(ट) विद्यमान वन निगमों, बोर्डों आदि को नए वन निगमों, बोर्डों आदि को अनुदान या साम्या के जरिए वित्तीय सहयोग प्रदान करना;

स्पष्टीकरण 1.- इस नियम में निर्दिष्ट कार्यकलापों के लिए वार्षिक कार्य स्कीम तैयार करते समय -

(क) उन गांवों में चिन्हित कार्यकलापों को करने के लिए प्राथमिकता दी जाएगी जो वन भूमि के अपवर्तन के कारण प्रभावित हुए हैं;

(ख) उन चिन्हित कार्यकलापों को करने के लिए प्राथमिकता दी जाएगी जिनमें स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार की क्षमता है और स्थानीय समुदाय के लाभ के लिए समुदाय के लिए संपत्ति सृजित करता है।

(ग) स्वदेशी पौधों की प्रजातियों का वनीकरण और वृक्षारोपण, वनों पर आश्रित स्थानीय समुदायों के साथ परामर्श करके किया जाएगा।

स्पष्टीकरण 2.- निवल वर्तमान मूल्य के लिए प्राप्त रकमों को किसी अन्य बजट या पूंजी या बचे हुए कार्यों के कार्यान्वयन के अंतर्गत किन्हीं अन्य राज्य स्कीमों के साथ मिलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उप नियम (2) और उन नियम (3) के अंतर्गत आरंभ किए गए कार्य एकमात्र आधार पर होंगे और विभिन्न घटकों के अंतर्गत अनुमत्य कार्यों की पुनरावृत्ति नहीं होगी।

6. **राज्य निधि में जमा राशि पर उपार्जित ब्याज का उपयोग.-** राज्य निधि में निधियों पर प्रोद्भूत ब्याज रकम को निम्नलिखित रीति से उपयोग में लाया जाएगा।

(क) राज्य निधि से अंतरित ब्याज का साठ प्रतिशत और उप-नियम (1) में निर्दिष्ट राज्य निधि में उपलब्ध रकम पर उपार्जित ब्याज वन और वन्यजीव के संरक्षण और विकास के लिए व्यय किया जाएगा अर्थात:-

(i) बढ़ी हुई मजदूरी दरों पर क्षतिपूर्ति वनीकरण और दांडिक प्रतिपूर्ति वनीकरण की संवृद्धि लागत की संपूर्ति करना;

(ii) बढ़ी हुई मजदूरी दरों पर आवाह क्षेत्र उपचार स्कीम की संवृद्धि लागत की संपूर्ति करना;

(iii) बढ़ी हुई मजदूरी दरों पर वन्यजीव प्रबंधन स्कीम की संवृद्धि लागत की संपूर्ति करना;

(iv) राज्य प्राधिकरण के सदस्यों और कर्मचारियों, नियमित और संविदात्मक, दोनों को वेतन और भत्तों के संवितरण के लिए;

(v) राज्य प्राधिकरण के मनोनीत सदस्यों को बैठक फीस और भत्तों के संवितरण के लिए;

(vi) नियम 5 के उप-नियम (2) और (3) में निर्दिष्ट क्रियाकलाप;

IndiaCode

(ख) राज्य निधि से अंतरित ब्याज का चालीस प्रतिशत और राज्य निधि में उपलब्ध रकम पर उपार्जित ब्याज राज्य प्राधिकरण के अनावर्ती और आवर्ती व्यय के लिए खर्च किया जायेगा अर्थात;

(i) कार्यालय स्थापना का प्रबंधन;

(ii) राज्य प्राधिकरण के लिए कंप्यूटरों और पेरिफेरल और उनके अनुरक्षण सहित कार्यालय उपकरण;

(iii) राज्य प्राधिकरण के अधिकारियों और पदधारियों के उपयोग के लिए स्टाफ कार किराए पर लेना;

(iv) राज्य प्राधिकरण के कार्यालय स्थापना और आवासों के लिए पट्टे पर भवन किराए पर लेना;

(v) राज्य प्राधिकरण की अभिचालन समिति के अनुमोदन से राज्य प्राधिकरण के प्रबंधन के लिए अन्य आकस्मिक व्यय;

(vi) राज्य प्राधिकरण की अभिचालन समिति और वार्षिक प्रचालन स्कीम के पूर्व अनुमोदन से वनों और वन्यजीवों के प्रबंधन के लिए कोई अन्य क्रियाकलाप जिनका निर्दिष्ट उप नियम (2) और (3) में नहीं किया गया है।

स्पष्टीकरण : किसी भी परिस्थिति में राज्य निधि में रकम पर उपार्जित ब्याज को किसी अन्य राज्य बजट में पूंजी अथवा विभिन्न कार्यों के लिए उपयोग में लाने के लिए अनुमत नहीं किया जाएगा और इस नियम के अधीन किया गया कार्य अनन्य रूप के आधार पर होगा और विभिन्न घटकों के अंतर्गत अनुमत कार्यों का दोहराव नहीं किया जाएगा।

7. **राष्ट्रीय प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी की नियुक्ति.-** धारा 8 की उप-धारा (5) में निर्दिष्ट राष्ट्रीय प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की केन्द्रीय स्टाफिंग स्कीम के अधीन पांच वर्ष तक की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्त किया जाएगा।

8. **राष्ट्रीय प्राधिकरण के अधिकारियों की नियुक्ति.-** धारा 9 की उप-धारा (4) और उप-धारा (5) में यथा निर्दिष्ट अधिकारियों को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की गैर-केन्द्रीय स्टाफिंग स्कीम के अधीन केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार अथवा संघ राज्य क्षेत्र से प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्त किया जाएगा।

9. **राज्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी की नियुक्ति.-** धारा 10 की उप-धारा (7) में निर्दिष्ट राज्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को राज्य सरकार द्वारा पांच वर्ष तक की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्त किया जाएगा।

10. **राज्य प्राधिकरण के अधिकारियों की नियुक्ति.–** धारा 11 की उप-धारा (4) और उप-धारा (5) में यथा निर्दिष्ट अधिकारियों को राज्य सरकार द्वारा प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्त किया जाएगा।

11. **अधिकारियों का वेतन और भत्ते.-** नियम 7, 8, 9 और 10 में निर्दिष्ट अधिकारी ऐसा वेतन और भत्ते पाने के हकदार होंगे जो केंद्रीय सरकार के समूह 'क' के समतुल्य अधिकारियों को दिए जाते हैं।

12. **अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन और भत्ते.–** धारा 9 की उप धारा (5) और धारा 11 की उप-धारा (5) में निर्दिष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों, जिन्हें प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्त किया गया है, वे ऐसा वेतन और भत्ते पाने के हकदार होंगे जो मामले के अनुसार, केंद्रीय सरकार के समूह 'ख' अथवा 'ग' के समतुल्य अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वीकार्य होते हैं;

13. **संविदा पर नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन तथा भत्ते.-** धारा 9 की उप-धारा (5) और 11 की उप-धारा (5) में निर्दिष्ट और संविदा आधार पर नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी ऐसे वेतन और भत्तों के हकदार होंगें जैसा उनके संविदा में विनिर्दिष्ट हैं।

14. **गैर-सरकारी सदस्यों को बैठक फीस और भत्ते.-** (1) राष्ट्रीय प्राधिकरण तथा राज्य प्राधिकरण के गैर-सरकारी सदस्यों को ऐसी बैठकों में भाग लेने के लिए तथा किसी अन्य कार्य, जो उन्हें दिया गया है या जैसा कि उनके नियुक्ति आदेश में वर्णित किया गया है, के लिए उन्हें बैठक फीस और भत्तों का भुगतान किया जाएगा।

(2) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट राष्ट्रीय प्राधिकरण के गैर-सरकारी सदस्यों को दी जाने वाली बैठक फीस और भत्तों का भुगतान धारा 5 के खंड (ख) के उप-खंड (i) में यथा प्रदत्त राष्ट्रीय कोष से किया जाएगा।

(3) उप-नियम (1) में यथानिर्दिष्ट राज्य प्राधिकरण के गैर-सरकारी सदस्यों को दी जाने वाली बैठक फीस और भत्तों का भुगतान धारा 6 के खंड (क) में निर्दिष्ट ब्याज से किया जाएगा।

15. **राष्ट्रीय प्राधिकरण के गैर-सरकारी सदस्यों का चयन.-** (1) केन्द्रीय सरकार, केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार के विभिन्न मंत्रालयों अथवा विभागों से और संघ राज्यक्षेत्र सरकार के प्रशासन से राष्ट्रीय प्राधिकरण के गैर-सरकारी सदस्यों के लिए नामांकन प्राप्त करेगा।

(2) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट मंत्रालय अथवा विभाग पूर्ण प्रत्यय-पत्र सहित गैर-सरकारी सदस्यों के नामों को केन्द्रीय सरकार के विचारार्थ अग्रेषित करेगा।

(3) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट गैर-सरकारी सदस्य भारत का नागरिक होंगे तथा जिनके पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री हो अथवा किसी केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार, गैर-सरकारी संगठन, मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान अथवा विश्वविद्यालय में संबंधित क्षेत्र में दस वर्षों का कार्य का अनुभव होगा।

(4) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट गैर-सरकारी सदस्य सरकारी सदस्य नहीं होंगे;

परंतु अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के नामित सदस्यों को राष्ट्रीय प्राधिकरण की सिफारिशों पर केन्द्रीय सरकार द्वारा शैक्षिक अर्हता तथा अनुभव के लिए छूट दी जा सकेगी।

16. **राज्य प्राधिकरण के गैर-सरकारी सदस्यों का चयन -** (1) राज्य सरकार का वन से संबंधित कार्य देख रहा विभाग, राज्य प्राधिकरण के गैर-सरकारी सदस्यों के लिए राज्य सरकार, अथवा संघ राज्यक्षेत्र के प्रशासन के विभिन्न विभागों से नामांकन प्राप्त करेगा।

(2) राज्य सरकार के विभाग, राज्य अथवा संघ राज्यक्षेत्र के जिला प्रशासन, वनों का कार्य देख रहे राज्य सरकार के विभाग को राज्य प्राधिकरण के गैर-सरकारी सदस्यों के लिए नाम पूर्ण प्रत्यय पत्र सहित विचार करने के लिए अग्रेषित करेंगे।

(3) उप-नियम (1) में निर्दिष्ट गैर-सरकारी सदस्य भारत का नागरिक होंगे तथा जिनके पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री हो अथवा किसी केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार, गैर-सरकारी संगठन, मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान अथवा विश्वविद्यालय में संबंधित क्षेत्र में दस वर्षों का कार्य का अनुभव होगा।

(4) उप नियम (1) में निर्दिष्ट गैर-सरकारी सदस्य सरकारी कर्मचारी नहीं होने चाहिए;

परंतु अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के नामित सदस्य को राज्य प्राधिकरण की सिफारिशों पर राज्य सरकार द्वारा शैक्षिक अर्हता तथा अनुभव के लिए छूट दी जा सकेगी।

17. चयन समिति :- (1) राष्ट्रीय प्राधिकरण में गैर-सरकारी सदस्यों की नियुक्ति के लिए पात्र अभ्यार्थियों के पैनल को तैयार करने के लिए चयन समिति निम्न प्रकार होगी, अर्थात :

(i) सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार -अध्यक्ष

(ii) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा नामित केंद्रीय सरकार के किसी अन्य मंत्रालय से एक सचिव -सदस्य

IndiaCode

(iii) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नामित राज्य सरकार से एक मुख्य सचिव -सदस्य

(iv) वन महानिदेशक और विशेष सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार -सदस्य

(v) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के अपर वन महानिदेशक (वन संरक्षण) -सदस्य

(vi) अपर वन महानिदेशक (वन्यजीव), पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार -सदस्य

(vii) राष्ट्रीय प्राधिकरण का मुख्य कार्यपालक अधिकारी -सदस्य सचिव

(2) राज्य प्राधिकरण के गैर सरकारी सदस्यों की नियुक्ति के लिए पात्र अभ्यर्थियों के पैनल को तैयार करने के लिए चयन समिति निम्न प्रकार होगी, अर्थात :

(i) राज्य का मुख्य सचिव अध्यक्ष

(ii) राज्य वन विभाग का अपर मुख्य सचिव या प्रभारी प्रधान सचिव -सदस्य

(iii) राज्य सरकार द्वारा नामित एक अपर मुख्य सचिव या प्रधान सचिव या सचिव -सदस्य

(iv) प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल का अध्यक्ष) -सदस्य

(v) राज्य का मुख्य वन्यजीव बार्डन -सदस्य

(vi) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संबंधित प्रादेशिक कार्यालय का अध्यक्ष -सदस्य

(vii) राज्य प्राधिकरण का मुख्य कार्यपालक अधिकारी -सदस्य-सचिव

18. **राष्ट्रीय प्राधिकरण और राज्य प्राधिकरण के गैर सरकारी सदस्यों की अपात्रता**

(1) राष्ट्रीय प्राधिकरण और राज्य प्राधिकरण के गैर सरकारी सदस्य के रूप में नियुक्त किए जाने वाला व्यक्ति अपात्र होगा, यदि वह -

(i) जो ऐसे अपराध के लिए दोषी सिद्ध हुआ है और कैद की सजा हुई है जिसमें केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार की राय में, यथास्थिति, नैतिक अधमता शामिल है; अथवा

(ii) अमुक्त दिवालिया है; अथवा

(iii) विकृतचित्त है और सक्षम न्यायालय द्वारा ऐसा घोषित किया गया हो; अथवा

(iv) सरकारी अथवा सरकार के अधिकार में अन्य संगठन या उपक्रम की सेवा से निकाला गया हो अथवा पदच्युत कर दिया गया हो; अथवा

(v) जिसका, केन्द्रीय सरकार अथवा राज्यसरकार की राज्य में यथास्थिति, राष्ट्रीय प्राधिकरण और राज्य प्राधिकरण में ऐसा वित्तीय अथवा अन्य हित हो, यथास्थिति, जिससे एक सदस्य के रूप में उनके द्वारा किए जाने वाले कर्तव्य प्रभावित होने की संभावना हो।

(2) इस धारा के अंतर्गत केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा कोई निकासी का आदेश जारी नहीं किया जाएगा जब तक कि संबंधित सदस्य को उस दोष के लिए कारण बताओ नोटिस का उपयुक्त अवसर न दिया गया हो।

IndiaCode

(3) इस नियम में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, इस धारा के अंतर्गत हटाया गया सदस्य, सदस्य के रूप में पुन: नामांकन का पात्र नहीं होगा।

(4) यदि राष्ट्रीय प्राधिकरण अथवा राज्य प्राधिकरण का गैर सरकारी सदस्य उप नियम (1) में निर्दिष्ट निरर्हताओं में से किसी एक का भी पात्र हो जाता है तो उसका पद रिक्त हो जाएगा।

19. **राष्ट्रीय प्राधिकरण के शासी निकाय, कार्यपालक समिति और निगरानी समूह की बैठक :-** (1) राष्ट्रीय प्राधिकरण का शासी निकाय के अध्यक्ष द्वारा शासी निकाय के सदस्य सचिव के परामर्श से इसके नियत की गई तारीख और समय पर सदस्य सचिव द्वारा तैयार की गई कार्यसूची में निर्दिष्ट मुद्दों पर विचार करने के लिए कम के कम एक बार बैठक आयोजित करेगा।

(2) राष्ट्रीय प्राधिकरण की कार्यपालक समिति की बैठक ऐसी तारीख को और ऐसे स्थान पर, जो अध्यक्ष के द्वारा निर्धारित हो, कार्यपालक समिति के सदस्य सचिव के साथ परामर्श करके आयोजित की जाएगी जिसमें सदस्य सचिव द्वारा तैयार की गई कार्यसूची में सूचीबद्ध मुद्दों पर विचार किया जाएगा।

(3) राष्ट्रीय प्राधिकरण के निगरानी समूह की बैठक ऐसी तारीख को और ऐसे स्थान पर, जो महानिदेशक, भारतीय वन सर्वेक्षण, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित हो।

20. **बैठक की सूचना-**शासी निकाय या कार्यपालक समिति या निगरानी समूह की किसी भी बैठक के लिए सदस्यों को पांच दिन पहले स्पष्ट सूचना दी जाएगी, जिनमें पोस्टिंग की तारीख और बैठक की तारीख को शामिल नही किया जाएगा:

परंतु अत्यावश्यकता मामले में राष्ट्रीय प्राधिकरण के शासी निकाय, कार्यपालक समिति और निगरानी समूह, यथास्थिति, का सदस्य-सचिव संबधित निकाय के अध्यक्ष के अनुमोदन से अल्पकालिक सूचना देकर बैठक बुलाने के लिए सक्षम होगा।

21. **बैठक का गणपूर्ति-** शासी निकाय या कार्यपालक समिति या निगरानी समूह, यथास्थिति, की किसी भी बैठक में अध्यक्ष सहित आधे सदस्यों से गणपूर्ति पूरा होगा और किसी भिन्न संख्या को अगली उच्चतर संख्या में पूर्ण कर दिया जाएगा।

22. **बैठक का स्थगन-** जहां बैठक के आरंभ के लिए सूचित समय के तीस मिनट के भीतर गणपूर्ति के अनुसार सदस्य उपस्थित नही होते हैं तो, बैठक को अगले सप्ताह के उसी दिवस, समय और स्थान के लिए स्थगित माना जाएगा तथा स्थगित की गई बैठक में उपस्थित सदस्यों से गणपूर्ति पूरा होगा।

23. **बैठक में निर्णय-** बैठक में उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के सामान्य बहुमत से निर्णय लिए जाएंगे।

24. **अध्यक्ष आदि द्वारा बैठक की अध्यक्षता-** राष्ट्रीय प्राधिकरण की प्रत्येक बैठक में अध्यक्ष द्वारा और उनकी अनुपस्थिति में समिति द्वारा निर्णीत समिति के किसी सदस्य द्वारा अध्यक्षता की जाएगी।

25. **राज्य प्राधिकरण के शासी निकाय, अभिचालन समिति और कार्यपालक समिति की बैठकें -** (1) सदस्य सचिव द्वारा तैयार की गई कार्यसूची में निर्दिष्ट मुद्दों पर विचार करने के लिए राज्य प्राधिकरण के शासी निकाय की बैठक ऐसी तारीख को और ऐसे स्थान पर आयोजित होगी, जो अध्यक्ष द्वारा शासी निकाय के सदस्य सचिव के साथ परामर्श करके निर्णीत हो।

(2) सदस्य-सचिव द्वारा तैयार की गई कार्यसूची में निर्दिष्ट मुद्दों पर विचार करने के लिए राज्य प्राधिकरण के अभिचालन समिति की बैठक ऐसी तारीख को और ऐसे स्थान पर आयोजित होगी, जो अध्यक्ष द्वारा अभिचालन समिति के सदस्य-सचिव के साथ परामर्श करके निर्णीत हो।

(3) सदस्य-सचिव द्वारा तैयार की गई कार्यसूची में निर्दिष्ट मुद्दों पर विचार करने के लिए राज्य प्राधिकरण के कार्यपालक समिति की बैठक ऐसी तारीख को और ऐसे स्थान पर आयोजित होगी, जो अध्यक्ष द्वारा कार्यपालक समिति के सदस्य-सचिव के साथ परामर्श करके निर्णीत हो।

IndiaCode

26. **बैठक की सूचना-** शासी निकाय, परिचालन समिति या कार्यपालक समिति या निगरानी समूह की किसी भी बैठक के लिए सदस्यों को पांच दिन पहले स्पष्ट सूचना दी जाएगी, जिनमें तैनाती की तारीख और बैठक की तारीख को शामिल नही किया जाएगा:

परंतु अत्यावश्क मामले में राष्ट्रीय प्राधिकरण के शासी निकाय, कार्यपालक समिति और निगरानी समूह, यथास्थिति, का सदस्य सचिव संबधित निकाय के अध्यक्ष के अनुमोदन से अल्पकालिक सूचना देकर बैठक बुलाने के लिए सक्षम होगा।

27. **बैठक की गणपूर्ति-** शासी निकाय, परिचाहन समिति या कार्यपालक समिति या निगरानी समूह, यथास्थिति, की किसी भी बैठक में अध्यक्ष सहित आधे सदस्यों से गणपूर्ति पूरा होगा और किसी भिन्न संख्या को अगली उच्चतर संख्या में पूर्ण कर दिया जाएगा।

28. **बैठक का स्थगन-** जहां बैठक के आरंभ के लिए सूचित समय के तीस मिनट के भीतर गणपूर्ति के अनुसार सदस्य उपस्थित नही होते हैं तो, बैठक को अगले सप्ताह के उसी दिवस, समय और स्थान के लिए स्थगित माना जाएगा तथा स्थगित की गई बैठक में उपस्थित सदस्यों से गणपूर्ति पूरा होगा।

29. **बैठक में निर्णय-** बैठक में उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के सामान्य बहुमत से निर्णय लिए जाएंगे।

30. **अध्यक्ष आदि द्वारा बैठक की अध्यक्षता-** राज्य प्राधिकरण की प्रत्येक बैठक में अध्यक्ष द्वारा और उनकी अनुपस्थिति में समिति द्वारा निर्णीत समिति के किसी सदस्य द्वारा अध्यक्षता की जाएगी।

31. **राष्ट्रीय प्राधिकरण का वित्तीय विनियमन और प्रक्रियाएं-** वित्तीय विनियमन और प्रक्रियाएं, विशेष रूप से राष्ट्रीय प्राधिकरण के बजट की तैयारी और कार्यान्वयन की प्रक्रिया, साधारण वित्तीय नियम, 2017 और केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार होंगी।

32. **राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा बजट को तैयार करना :** राष्ट्रीय प्राधिकरण, अगले वित्तीय वर्ष के लिए अपने बजट को राष्ट्रीय प्राधिकरण की आकलित प्राप्तियों और व्यय को दर्शाते हुए अगले वित्तीय वर्ष के लिए शासी निकाय द्वारा तैयार और अनुमोदित राष्ट्रीय प्राधिकरण की विभिन्न स्कीमों सहित वार्षिक प्रचालन स्कीम के आधार पर प्ररूप-1 में राष्ट्रीय प्राधिकरण की आकलित प्राप्तियों और व्यय को दर्शाते हुए तैयार करेगा और प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 31 दिसम्बर तक इसे केन्द्र सरकार को अग्रेषित करेगा।

33. **राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा लेखों का रखरखाव और वार्षिक लेखा विवरण तैयार करना :** प्राप्तियों तथा भुगतान और व्यय के लिए लेखों का मासिक विवरण प्ररूप-2 में तैयार किया जाएगा, राष्ट्रीय प्राधिकरण के वार्षिक लेखा विवरण को प्ररूप-3 में तैयार किया जाएगा। राष्ट्रीय प्राधिकरण, प्ररूप-4 में यथा निर्दिष्ट अभिलेखों और लेखों का रखरखाव करेगा।

34. **वार्षिक रिपोर्ट :** राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा वार्षिक रिपोर्ट को भिन्न शीषर्कों और भिन्न अध्यायों में समेकन के साथ राष्ट्रीय निधि से आरम्भ किए गए सभी कार्यकलापों का सार वर्णन देते हुए तैयार किया जाएगा तथा रिपोर्ट में किए गए कार्यों तथा वार्षिक प्रचालन स्कीम में तैयार और अनुमोदित स्कीमों का सार शामिल होगा तथा वार्षिक रिपोर्ट प्ररूप-5 में दी जाएगी।

35. **राज्य प्राधिकरण का वित्तीय विनियमन और क्रियाविधियां :** वित्तीय विनियमन और क्रियाविधियां, विशेष रूप से राज्य प्राधिकरण के बजट को तैयार करने और उसके कार्यान्वयन संबंधी क्रियाविधियां, साधारण वित्तीय नियम 2017 तथा इस संबंध में समय-समय पर केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार होंगी।

36. **राज्य प्राधिकरण द्वारा बजट को तैयार करना :** राज्य प्राधिकरण, अगले वित्तीय वर्ष के लिए अपने बजट को राज्य प्राधिकरण की आकलित प्राप्तियों और व्यय को दर्शाते हुए अगले वित्तीय वर्ष के लिए शासी निकाय द्वारा तैयार और अनुमोदित वार्षिक प्रचालन स्कीम के आधार पर प्ररूप-6 में राज्य प्राधिकरण की आकलित प्राप्तियों और व्यय को दर्शाते हुए तैयार करेगा और प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 31 दिसम्बर तक इसे राज्य सरकार और केन्द्र सरकार को अग्रेषित करेगा।

IndiaCode

37. **राज्य प्राधिकरण द्वारा लेखों का रखरखाव और वार्षिक लेखा विवरण तैयार करना :** मासिक लेखा विवरण प्ररूप-7 में तैयार किया जाएगा; राज्य प्राधिकरण की वास्तविक और वित्तीय उपलब्धियों संबंधी मासिक विवरण प्ररूप-8 में और राज्य प्राधिकरण का वार्षिक लेखा विवरण प्ररूप-9 में तैयार किया जाएगा तथा राज्य प्राधिकरण, प्ररूप-10 में अपने अभिलेखों और लेखों का रखरखाव करेगा।

38. **वार्षिक रिपोर्ट :** राज्य प्राधिकरण द्वारा वार्षिक रिपोर्ट को भिन्न शीषर्कों और भिन्न अध्यायों में समेकन के साथ राज्य निधि से आरम्भ किए गए सभी कार्यकलापों का सार वर्णन देते हुए तैयार किया जाएगा तथा रिपोर्ट में किए गए कार्यों तथा वार्षिक प्रचालन स्कीम में तैयार और अनुमोदित स्कीमों का सार शामिल होगा तथा वार्षिक रिपोर्ट के प्ररूप-11 में विवरण शामिल होगा।

39. **राज्य प्राधिकरण की वार्षिक प्रचालन स्कीम** : राज्य प्राधिकरण की वार्षिक प्रचालन स्कीम को प्ररूप-12 में तैयार किया जाएगा और राज्य प्राधिकरण द्वारा अगले वित्तीय वर्ष के लिए प्रत्येक वर्ष की 31 दिसम्बर से पहले इसे राष्ट्रीय प्राधिकरण को प्रस्तुत किया जाएगा।

प्ररूप-1

वित्तीय वर्ष------के लिए राष्ट्रीय प्राधिकरण का वार्षिक बजट प्रस्ताव--------

[नियम 32 देखें]

1	2	3	4
क्र.स.	विवरण	वर्तमान वित्तीय वर्ष (रुपयों में)	विगत वित्तीय वर्ष (रुपयों में)
1	क. 1 अप्रैल की स्थिति के अनुसार तदर्थ प्राधिकरण से प्राप्त निधियों का आरंभिक अतिशेष		
	ख. 1 अप्रैल की स्थिति के अनुसार राज्य प्राधिकरण से प्राप्त निधियों का आरंभिक अतिशेष		
	ग. 1 अप्रैल की स्थिति के अनुसार प्राप्त उधार/अनुदानों का आरंभिक अतिशेष		
2	राष्ट्रीय प्राधिकरण के पास उपलब्ध कुल निधियां (1 अप्रैल की स्थिति के अनुसार) (1+2)		
3. (i)	राष्ट्रीय निधि में से राष्ट्रीय प्राधिकरण का वार्षिक व्यय		
	क. आवर्ती प्रबंधन व्यय		
	i. कार्मिक सेवाएं और लाभ		
	ii. प्रशासनिक व्यय		
	iii. अन्य प्रशासनिक व्यय		
	iv. कोई अन्य व्यय		
	ख. अनावर्ती प्रबंधन व्यय जैसे पूंजीगत आस्तियों का सृजन		
	ग. चालू स्कीमों पर व्यय		
	घ. नई स्कीमों पर व्यय		
	ङ. निगरानी और मूल्यांकन व्यय		
3. (ii)	अनुदानों/उधार इत्यादि से कुल अनुमानित व्यय		
4. (i)	अनुमानित सकल कुल व्यय {3(i) + 3(ii)}		
(ii)	तदर्थ प्राधिकरण से प्राप्त निधियों में से राज्य प्राधिकरण को किये जाने वाले अनुमानित भुगतान		
5	राष्ट्रीय प्राधिकरण के पास कुल अंतिम अतिशेष		
	क. तदर्थ प्राधिकरण से प्राप्त निधियों का अंतिम अतिशेष		
	ख. राज्य प्राधिकरण से प्राप्ति में से अंतिम अतिशेष		
	ग. अनुदानों/ऋणों इत्यादि का अंतिम अतिशेष		

घोषणा

ऊपर निर्दिष्ट अनुसार बजट प्रस्ताव, राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित और अंगीकृत किया गया है।

तारीख :

सदस्य-सचिव

राष्ट्रीय प्राधिकरण

IndiaCode

प्ररूप-2

प्राप्ति और भुगतान/व्यय के लिए राष्ट्रीय प्राधिकरण के लेखाओं का मासिक विवरण मास———————— वित्तीय वर्ष————————

[नियम 33 देखें]

1	2	3	4	5
क्र.सं.	**शीर्ष**	**वर्तमान मास (रुपयों में)**	**गत मास (रुपयों में)**	**इस मास तक संचयी रकम (रुपयों में)**
I	**राष्ट्रीय निधि का कुल आरम्भिक अतिशेष (क+ख+ग+घ)**			
क.	**तदर्थ प्राधिकरण के 10% भाग से राष्ट्रीय निधि की मूलधन राशि का आरम्भिक अतिशेष**			
ख.	**राष्ट्रीय निधि को राज्य निधि द्वारा प्राप्त 10% भाग का आरंभिक अतिशेष रकम**			
ग	**राष्ट्रीय निधि को प्रोदभूत ब्याजज की आरम्भिक अतिशेष रकम**			
घ	**राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा खर्च न किए गए अनुदान, ऋण इत्यादि की आरम्भिक अतिशेष रकम**			
II	**तदर्थ प्राधिकरण के अधीन राज्य निधि के भाग की आरम्भिक अतिशेष रकम, जो अभी राष्ट्रीय निधि के पास पड़ी है (क+ख)**			
क	**राज्य निधि को संदेय तदर्थ प्राधिकरण के 90% भाग की आरम्भिक अतिशेष रकम, जो अभी राष्ट्रीय निधि के पास पड़ी है (राज्यों के नामों का उल्लेख करें)**			
ख	**राज्य निधि को संदेय तदर्थ प्राधिकरण के 90% भाग पर ब्याज की आरम्भिक अतिशेष रकम, जो अभी राष्ट्रीय निधि के पास पड़ी है (राज्यों के नामों का उल्लेख करें)**			
III	**वर्ष के दौरान राष्ट्रीय निधि द्वारा प्राप्त कुल रकम (क+ख)**			
क	**राष्ट्रीय निधि को प्रोदभूत ब्याज की रकम**			
	i. तदर्थ प्राधिकरण तथा अधिनियम के अधीन के 10% भाग से राष्ट्रीय निधि को प्रोदभूत ब्याज की रकम			
	ii. तदर्थ प्राधिकरण के 90 % भाग से राष्ट्रीय निधि को प्रोदभूत ब्याज की रकम, जो अभी राष्ट्रीय निधि द्वारा राज्य निधि को अंतरित नहीं की गई है			
ख	**राष्ट्रीय निधि द्वारा प्राप्त रकम (तदर्थ प्राधिकरण के अतिरिक्त) (i+ii)**			
	i. राज्य निधि से प्राप्त निधियां (राष्ट्रीय निधि के 10 % भाग के रूप में)			
	ii. प्राप्त अनुदानों, ऋणों इतयादि की रकम			
IV	**अधिनियम के अधीन राज्यों द्वारा संग्रहित राष्ट्रीय निधि के 10% भाग की रकम, उस पर ब्याज सहित और जो राष्ट्रीय निधि को हस्तांतरित न की गई हो (राज्यों के नामों का उल्लेख करें)**			
V	**तदर्थ प्राधिकरण से राष्ट्रीय निधि द्वारा राज्य निधि को कुल भुगतान (क+ख)**			
क	**राष्ट्रीय निधि द्वारा राज्य निधि को भुगतान (तदर्थ प्राधिकरण के 90% भाग में से) (1+2+3+4+5+6+7+8+9)**			
	1. प्रतिकरात्मक वनरोपण			
	2. अतिरिक्त प्रतिपूरक वनीकरण 3. दाण्डिक प्रतिपूरक वनीकरण 4. निवल वर्तमान मूल्य			
	5. दाण्डिक निवल वर्तमान मूल्य			
	6. जलागम क्षेत्र शोधन प्रभार			
	7. वन्यजीव संरक्षण स्कीम प्रभार			
	8. सुरक्षा जोन शोधन प्रभार			
	9. अन्य (कृपया विनिर्दिष्ट करें)			
ख	**तदर्थ प्राधिकरण पर प्रोदभूत ब्याज में से राष्ट्रीय निधि द्वारा राज्य निधि को संदाय**			
VI	**मूलधन और ब्याज की रकम में से वर्ष के दौरान राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा किया गया कुल व्यय (क+ख)**			
(क)	**प्रशासनिक व्यय (i+ii+iii+iv+v+vi)**			
	i. कार्मिक सेवाएं और फायदा			
	ii. प्रशासनिक व्यय			
	iii. अन्य प्रशासनिक व्यय			
	iv. निगरानी और मूल्यांकन व्यय			
	v. अन्य प्रशासनिक व्यय			

IndiaCode

	vi. अनावर्ती प्रबंधन व्यय जैसे पूंजीगत आस्तियों का सृजन			
(ख)	**स्कीमों पर व्यय (I+II+III)**			
	i. चालू स्कीमों पर व्यय			
	ii. नई स्कीमों पर व्यय			
	iii. अन्य			
VII	**राष्ट्रीय निधि का कुल अंतिम अतशेष (क+ख+ग+घ)**			
	क. राष्ट्रीय निधि की मूलधन रकम का अंतिम अतिशेष (तदर्थ प्राधिकरण का 10% भाग)			
	ख. अधिनियम के अधीन राज्य निधि से राष्ट्रीय निधि द्वारा प्राप्त 10% भाग का अंतिम अतिशेष रकम			
	ग. राष्ट्रीय निधि को प्रोदभूत ब्याज की अंतिम अतिशेष रकम **घ. राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा प्राप्त अनुदानों, ऋणों इत्यादि की अंतिम अतिशेष रकम**			
VIII	**क. राज्य निधि को संदेय, तदर्थ प्राधिकरण के 90% भाग की अंतिम अतिशेष रकम जो अभी राष्ट्रीय निधि के पास पड़ी है (राज्यों के नामों का उल्लेख करें)**			
	ख. राज्य निधि को संदेय, तदर्थ प्राधिकरण के 90% भाग पर ब्याज की अंतिम अतिशेष रकम, जो अभी राष्ट्रीय निधि के पास पड़ी है (राज्यों के नामों का उल्लेख करें)			

घोषणा

उपर्युक्त रिपोर्ट को सत्यापित किया गया है और सही पाया गया है। रिपोर्ट को राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा अंगीकृत कर लिया गया है।

तारीख :

हस्ताक्षर

सदस्य-सचिव, राष्ट्रीय प्राधिकरण

प्ररूप-3

वित्तीय वर्ष ---------- के लिए राष्ट्रीय प्राधिकरण के लेखा का वार्षिक विवरण

[नियम 33 देखें]

31 मार्च .....की स्थिति के अनुसार

1	2	3	4
क्र.सं.	**विवरण**	**चालू वित्तीय वर्ष (रुपए में)**	**पिछला वित्तीय वर्ष (रुपए में)**
I.	**राष्ट्रीय निधि का कुल आरंभिक अतिशेष (क + ख + ग + घ + ड. + च)**		
क.	**राष्ट्रीय निधि की मूल राशि का आरंभिक अतिशेष (तदर्थ प्राधिकरण का 10% हिस्सा)**		
ख.	**अधिनियम के अधीन राज्य निधि से राष्ट्रीय निधि द्वारा प्राप्त 10% हिस्से की एक आरंभिक अतिशेष रकम**		
ग.	**राष्ट्रीय निधि से प्राप्त ब्याज की आरंभिक अतिशेष रकम (तदर्थ प्राधिकरण और अधिनियम के अधीन)**		
घ.	**राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा प्राप्त अनुदानों, ऋणों आदि की आरंभिक अतिशेष रकम**		
ड.	**राष्ट्रीय निधि के पास अभी तक पड़े हुए राज्य निधि को संदेय तदर्थ प्राधिकरण के 90% हिस्से की आरंभिक अतिशेष रकम (राज्यों के नामों का उल्लेख करें)**		
च.	**राष्ट्रीय निधि के पास अभी तक पड़े हुए राज्य निधि को संदेय तदर्थ प्राधिकरण के 90% हिस्से पर ब्याज की आरंभिक अतिशेष रकम (राज्यों के नामों का उल्लेख करें)**		
II.	**राज्य निधि की कुल आरंभिक अतिशेष रकम (क + ख + ग + घ)**		
क.	**व्यय के बाद सभी राज्यों की मूल रकम के संघटकवार आरंभिक अतिशेष (तदर्थ प्राधिकरण का**		

	90% हिस्सा) (1 + 2 + 3 + 4 + 5 + 6 + 7 + 8 + 9)		
	1. प्रतिकरात्मक वनरोपण		
	2. अतिरिक्त प्रतिकरात्मक वनरोपण		
	3. दण्डात्मक प्रतिकरात्मक वनरोपण		
	4. शुद्ध वर्तमान मूल्य		
	5. दण्डात्मक शुद्ध वर्तमान मूल्य		
	6. जलागम क्षेत्र शोधन प्रभार		
	7. वन्यजीव संरक्षण स्कीम प्रभार		
	8. सुरक्षा क्षेत्र शोधन प्रभार		
	9. अन्य (कृपया निर्दिष्ट करें)		
ख.	**राज्य निधि द्वारा प्राप्त ब्याज की आरंभिक अतिशेष रकम (तदर्थ प्राधिकरण और अधिनियम के अधीन जमा, दोनों पर)**		
ग.	**राज्य प्राधिकरण द्वारा प्राप्त अनुदानों, ऋणों आदि की आरंभिक अतिशेष रकम**		
घ.	**राज्यों द्वारा अधिनियम के अधीन एकत्र किए गए और राष्ट्रीय निधि को हस्तांतरित न किए गए राष्ट्रीय निधि के 10% हिस्से की आरंभिक अतिशेष रकम**		
III.	**वर्ष के दौरान राष्ट्रीय निधि द्वारा प्राप्त कुल रकम (क+ख)**		
क.	**राष्ट्रीय निधि के लिए अर्जित ब्याज की रकम**		
	i. तदर्थ प्राधिकरण के 10% हिस्से में से राष्ट्रीय निधि को अर्जित ब्याज की रकम		
	ii. तदर्थ प्राधिकरण के 90% हिस्से से राष्ट्रीय निधि को अर्जित ब्याज की रकम, जो अभी भी राष्ट्रीय निधि द्वारा राज्य निधि को हस्तांतरित नहीं की गई है		
ख.	**राष्ट्रीय निधि द्वारा प्राप्ति की रकम (तदर्थ प्राधिकरण के अतिरिक्त) (i+ii)**		
	i. अधिनियम के अधीन राज्य निधि से निधियों की प्राप्ति (राष्ट्रीय निधि के हिस्से के रूप में 10%)		
	ii. प्राप्त अनुदानों, ऋणों आदि की रकम		
IV	**अधिनियम के अधीन राज्य निधि द्वारा प्राप्त, राष्ट्रीय निधि की बकाया देय रकम**		
	i. राज्यों द्वारा एकत्र किए गए अधिनियम के अधीन राष्ट्रीय निधि के 10% हिस्से की रकम, जिसे राष्ट्रीय निधि को हस्तांतरित नहीं किया गया है (राज्यों के नाम का उल्लेख करें)		
	ii. राज्य निधि के लिए अर्जित ब्याज की रकम (बकाया राष्ट्रीय निधि के 10% हिस्से पर, जिसे राष्ट्रीय निधि को हस्तांतरित नहीं किया गया है)		
V	**वर्ष के दौरान राज्य निधि द्वारा प्राप्त कुल रकम (क + ख)**		
क.	**राज्य निधि के लिए अर्जित ब्याज की रकम (राज्य निधि जमा पर)**		
ख.	**राज्य निधि द्वारा प्राप्त रकम (तदर्थ प्राधिकरण के अतिरिक्त) (i + ii)**		
	i. राज्य निधि द्वारा निधियों की प्राप्ति (अधिनियम के अधीन राज्य निधि के हिस्से के रूप में 90%)		
	ii. राज्य निधि द्वारा प्राप्त अनुदानों, ऋणों आदि की रकम		
VI	**तदर्थ प्राधिकरण में से राज्य निधि को राष्ट्रीय निधि द्वारा कुल संदाय (क + ख)**		
क.	**राज्य निधि को राष्ट्रीय निधि द्वारा भुगतान (तदर्थ प्राधिकरण के 90% में से) (1 + 2 + 3 + 4 + 5 + 6 + 7 +8+ 9)**		
	1. प्रतिकरात्मक वनरोपण		
	2. अतिरिक्त प्रतिकरात्मक वनरोपण		

	3. दाण्डिक प्रतिकरात्मक वनरोपण		
	4. शुद्ध वर्तमान मूल्य		
	5. दाण्डिक शुद्ध वर्तमान मूल्य		
	6. जलागम क्षेत्र शोधन प्रभार		
	7. वन्यजीव संरक्षण स्कीम प्रभार		
	8. सुरक्षा क्षेत्र शोधन प्रभार		
	9. अन्य (कृपया निर्दिष्ट करें)		
ख.	**तदर्थ प्राधिकरण के अर्जित ब्याज में से राज्य निधि को राष्ट्रीय निधि द्वारा संदाय**		
VII	**मूलधन और ब्याज की रकम में से वर्ष के दौरान राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा कुल व्यय (क + ख)**		
(क)	**प्रशासनिक व्यय (i + ii + iii + iv + v + vi)**		
	i. कार्मिक सेवाएं और फायदा		
	ii. प्रशासनिक व्यय		
	iii. अन्य प्रशासनिक व्यय		
	iv. निगरानी और मूल्यांकन व्यय		
	v. अन्य प्रशासनिक व्यय		
	vi. गैर आवर्ती प्रबंधन व्यय जैसे पूंजीगत आस्तियों का सृजन		
(ख)	**स्कीमों पर व्यय (i + ii + iii)**		
	i. चालू स्कीमों पर व्यय		
	ii. नई स्कीमों पर व्यय		
	iii अन्य		
VIII	**राज्य निधि द्वारा कुल व्यय (i + ii)**		
	i. तदर्थ प्राधिकरण में से राज्य निधि द्वारा कुल व्यय		
	ii. अधिनियम के अन्तर्गत राज्य निधि द्वारा कुल व्यय		
IX	**राष्ट्रीय निधि की कुल अन्तिम अतिशेष रकम (क + ख + ग + घ + ड. + च)**		
	क. राष्ट्रीय निधि की मूल रकम का अन्तिम अतिशेष (तदर्थ प्राधिकरण का 10% हिस्सा)		
	ख. अधिनियम के अन्तर्गत राज्य निधि से राष्ट्रीय निधि द्वारा प्राप्त 10% हिस्से की अन्तिम अतिशेष रकम		
	ग. राष्ट्रीय निधि द्वारा प्राप्त ब्याज की अन्तिम अतिशेष रकम		
	घ. राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा प्राप्त अनुदानों, ऋणों आदि की अन्तिम अतिशेष रकम		
	ड. राज्य निधि को संदेय तदर्थ प्राधिकरण के 90% हिस्से की अन्तिम अतिशेष रकम, जो अभी भी राष्ट्रीय निधि के पास है (राज्यों के नाम का उल्लेख करें) (1 + 2 + 3 + 4 + 5 + 6 + 7 + 8 + 9)		
	1. प्रतिकरात्मक वनरोपण		
	2. अतिरिक्त प्रतिकरात्मक वनरोपण		
	3. दाण्डिक प्रतिकरात्मक वनरोपण		
	4. शुद्ध वर्तमान मूल्य		
	5. दाण्डिक शुद्ध वर्तमान मूल्य		
	6. जलागम क्षेत्र शोधन प्रभार		
	7. वन्यजीव संरक्षण स्कीम प्रभार		
	8. सुरक्षा जोन शोधन प्रभार		
	9. अन्य (कृपया निर्दिष्ट करें)		

IndiaCode

	च. राज्य निधि को संदेय तदर्थ प्राधिकरण के 90% हिस्से पर ब्याज की की अन्तिम अतिशेष रकम जो अभी भी राष्ट्रीय निधि के पास है (राज्यों के नाम का उल्लेख करें)		
X	**राज्य निधि की कुल अन्तिम अतिशेष रकम (क + ख + ग + घ)**		
	क. व्यय के बाद सभी राज्यों की संघटकवार मूल रकम का अन्तिम अतिशेष (तदर्थ प्राधिकरण का 90% हिस्सा) (1 + 2 + 3 + 4 + 5 + 6 + 7 + 8 + 9)		
	ख. राज्य निधि द्वारा प्राप्त ब्याज की अन्तिम अतिशेष रकम (तदर्थ प्राधिकरण पर और अधिनियम के अन्तर्गत, दोनों)		
	ग. राज्य प्राधिकरण द्वारा प्राप्त अनुदानों, ऋणों आदि का अन्तिम अतिशेष		
	घ. अधिनियम के अधीन राज्यों द्वारा एकत्रित और ब्याज सहित राष्ट्रीय निधि को हस्तांतरित न किए गए राष्ट्रीय निधि के 10% हिस्से की अन्तिम अतिशेष रकम		
XI	**राज्यों से राष्ट्रीय निधि की बकाया देय राशि के संचयी आंकड़े (अधिनियम के अधीन राज्यों द्वारा एकत्रित और ब्याज सहित राष्ट्रीय निधि को हस्तांतरित न किए गए राष्ट्रीय निधि के 10% हिस्से में से)**		

घोषणा

उपरोक्त रिपोर्ट को सत्यापित किया गया है और सही पाया गया है। यह रिपोर्ट राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा अंगीकृत की गई है।

तारीख:

हस्ताक्षर

सदस्य-सचिव, राष्ट्रीय प्राधिकण

प्ररूप-4

राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा रखे जाने वाले अभिलेख और खाते

[देखें नियम 33]

निम्नलिखित खाते / अभिलेख रखे जाएंगे :

1. रोकड़ बही, खाता, जर्नल, लोक-निधि लेखा रजिस्टर
2. स्टॉक रजिस्टर, स्थिर आस्ति रजिस्टर
3. खातों के शीर्षों द्वारा व्यय को दर्शाने वाले रजिस्टर
4. मासिक वित्तीय लेखा विवरण और वास्तविक परिणाम
5. तिमाही निगरानी रजिस्टर
6. एससीएएफ से एनसीएएफ के वार्षिक हिस्से के लिए रजिस्टर (राज्यवार)
7. अनुदानों/ऋणों आदि का रजिस्टर
8. स्कीम के फायदाग्राहियों के लिए जारी निधियों के विवरण सहित राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित और निष्पादित स्कीमों का अभिलेख

IndiaCode

प्ररूप-5

तारीख 31 मार्च, 20 --- को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए राष्ट्रीय प्राधिकरण का लेखा विवरण

[नियम 34 देखें]

(अन्य अनुदानों / ऋणों आदि के लिए अलग-अलग प्रपत्र जमा किए जाने हैं)

1	2	3	4	5	6	7	8
क्र.सं.	शीर्ष	वार्षिक प्रचालन कार्य योजना में यथा अनुमोदित वास्तविक परिणाम (इकाइयों में)	वर्ष के दौरान यथार्थ वास्तविक उपलब्धि (इकाइयों में)	आज की तारीख तक संचयी वास्तविक उपलब्धि (इकाइयों में)	वर्ष के दौरान बजट आवंटन (रुपए में)	व्यय की गई वास्तविक रकम (रुपये में)	आज की तारीख तक संचयी रकम (रुपए में)
I	स्कीमें						
	क. चल रही स्कीमें						
	i.						
	ii.						
	iii.						
	iv.						
	v.						
	ख. नई स्कीमें						
	i.						
	ii.						
	iii.						
	iv.						
	v.						
	ग. अन्य (निर्दिष्ट करें)						
	i.						
	ii.						
	iii.						
	iv.						

		बजट आवंटन (रुपए में)	वर्ष के दौरान व्यय की गई वास्तविक रकम (रुपये में)	पिछले वर्ष के दौरान व्यय की गई वास्तविक धनराशि (रुपए में)	टिप्पणियां
II	क. प्रशासनिक प्रभार्य *				
	ख. अन्य प्रशासनिक व्यय *				
	ग. अन्य *				
III	निगरानी और मूल्यांकन				
	क. वार्षिक लेखा परीक्षा				
	ख. नियंत्रक और महालेखा परीक्षक लेखा परीक्षा				
	ग. ई-ग्रीन वॉच परिणाम				
	घ. तृतीय पक्ष निगरानी				

घोषणा :

उपरोक्त रिपोर्ट सत्यापित कर ली गई है और सही पाई गई है। इस रिपोर्ट को राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा अंगीकृत किया गया है।

तारीख :

हस्ताक्षर

सदस्य सचिव, राष्ट्रीय प्राधिकरण

IndiaCode

टिप्पण : II क* प्रशासनिक प्रभारों में सम्मिलित हैं- कर्मचारियों का वेतन और मजदूरियां, वेतन और भत्ते, अतिकालिक भत्ते, पेंशन संबंधी प्रभार, चिकित्सा उपचार, प्रशासनिक व्यय, घरेलू यात्रा, विदेश यात्रा, कार्यालय व्यय, इलेक्ट्रिसिटी और विद्युत, जल प्रभार, किराया, दरें और कर (संपत्ति कर सहित) खरीद-फरोख्त, पेट्रोलियम, तेल और स्नेहक (पीओएल) सहित स्टाफ कार की खरीद और रखरखाव।

II ख* अन्य प्रशासनिक प्रभारों में सम्मिलित हैं- राष्ट्रीय प्राधिकरण के गैर-सरकारी सदस्यों को बैठक फीस और ग्राह्य भत्ते, सम्मेलन, संगोष्ठी, कार्यशालाओं आदि पर व्यय, प्रशिक्षण कार्यक्रम, विज्ञापन और प्रचार, गौण कार्य, व्यावसायिक सेवाएं, अन्य संविदा सेवाएं।

IIIग* अन्य में सम्मिलित हैं, ढुलाई और आवक ढुलाई प्रभार (स्थिर आस्तियों/अनावर्ती मदों की खरीद पर), मुद्रण और प्रकाशन (शैक्षिक से भिन्न) अंशदान व्यय (शैक्षिक से भिन्न), राष्ट्रीय प्राधिकरण की पूंजी आस्ति का सृजन जैसे, अनावर्ती प्रबंधन व्यय, कोई अन्य व्यय।

प्ररूप-6

_____वित्त वर्ष के लिए राज्य प्राधिकरण का वार्षिक बजट प्रस्ताव

वार्षिक प्रचालन योजना के साथ प्रस्तुत

[देखें नियम 35]

क्र.सं.	विवरण	चालू वित्त वर्ष (रु. में)	गत वित्त वर्ष (रु. में)
1.	क 1 अप्रैल को राष्ट्रीय प्राधिकरण से प्राप्त अथशेष निधि		
	ख 1 अप्रैल को यथा प्राप्त ऋण/अनुदान आदि का आरंभिक अविशेष		
2.	राज्य प्राधिकरण की अनुमानित वार्षिक प्राप्ति		
	(क) प्रयोक्ता अभिकरणों से राज्य प्राधिकरणों द्वारा निधि की प्राप्ति		
	(ख) राज्य निधि पर उपार्जित ब्याज की प्राप्ति		
	(ग) राज्य प्राधिकरण के अनुदान/ऋण/अन्य की प्राप्ति		
	(घ) कोई अन्य आय		
3.	राज्य प्राधिकरण के पास उपलब्ध कुल अनुमानित निधि (1 अप्रैल को) (1+2)		
4.(i)	राज्य प्राधिकरण का प्रस्तावित वार्षिक व्यय		
	राज्य निधि में से नियम 6 के अधीन ब्याज (निर्दिष्ट) से आरंभ की जाने वाली गतिविध		
	आवर्ती प्रबंधन व्यय		
	i. कार्मिक सेवाएं और फायदा*		
	ii. प्रशासनिक व्यय**		
	iii. अन्य प्रशासनिक व्यय***		
	iv. कोई अन्य व्यय		
	नियम (5) के अधीन शुद्ध चालू मूल्य से आरंभ की जाने वाली गतिविधियां		
	क. पूंजी आस्ति के सृजन जैसे अनावर्ती प्रबंधन व्यय		
	ख. वनरोपण और अन्य अनुमेय कार्यकलाप		
	ग. चालू कार्यों पर व्यय		
	घ. नए कार्यों पर व्यय		
	ड. अनुवीक्षण और मूल्यांकन व्यय		
4(ii)	क्षतिपूर्ति वनरोपण कार्य		
4(iii)	आवाह क्षेत्र उपचार कार्य		
4(iv)	वन्यजीव प्रबंधन कार्य		
4(v)	अन्य (विनिर्दिष्ट करें)		
4(vi)	अनुदानों/ऋणों आदि में से कुल अनुमानित व्यय		
5(i)	अनुमानित सकल कुल व्यय {4(i)+4(ii)+4(iii)+4(iv)+4(v)+4(vi)}		
(ii)	प्रयोक्ता अभिकरण से प्राप्त निधियों में से राष्ट्रीय प्राधिकरणों को अनुमानित संदाय		
6.	राज्य प्राधिकरण के पास कुल अंतिम अतिशेष		
	क राष्ट्रीय प्राधिकरण से प्राप्त निधियों का अंतिम अतिशेष		

IndiaCode

	ख. प्रयोक्ता अभिकरणों से प्राप्ति में से अंतिम अतिशेष		
	ग. अनुदानों/ऋणों आदि का अंतशेष		

घोषणा

उपरोक्त बजट प्रस्ताव राज्य प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित और अंगीकृत किया गया है।

तारीख:

सदस्य-सचिव

राज्य प्राधिकरण

टिप्पण- 1: विचाराधीन वर्ष के लिए बजट अनुमान (क्रमांक 1, 2 और 3 में उल्लिखित) के प्रयोजन के लिए प्रारंभिक शेष पूर्व वर्ष 1 अप्रैल के अनुसार उपलब्ध निधि है।

टिप्पण-2* कार्मिक सेवा और फायदा में सम्मिलित हैं- कर्मचारियों का वेतन और मजदूरी भुगतान और भत्ते, यात्रा भत्ते, अतिकालिक भत्ते, पेंशन संबंधी प्रकार, चिकित्सा उपचार आदि।

टिप्पण-2** प्रशासनिक व्यय में सम्मलित हैं- राज्य प्राधिकरण के लिए कार्यालय व्यय, इलेक्ट्रिसिटी और विद्युत, जल प्रभार, किराया, दरें और कर (संपत्ति कर सहित) पेट्रोलियम, तेल और स्नेहक (पीओएल) सहित स्टाफ कार की खरीद फरोख्त।

टिप्पणी-3*** अन्य प्रशासनिक व्यय में ये सम्मलित हैं – राष्ट्रीय प्राधिकरण के गैर-सरकारी सदस्यों को बैठक फीस और ग्राह्य भत्ते, सम्मेलन, संगोष्ठी कार्यशाला आदि पर व्यय प्रशिक्षण कार्यक्रम, विज्ञापन और प्रचार, लघु निर्माण कार्य, व्यावसायिक सेवाएं, अन्य संविदात्मक सेवाएं।

प्ररूप-7

_____माह के लिए राज्य प्राधिकरण का मासिक विवरण/लेखा

[कृपया नियम 37 देखें]

I.	**राज्य निधियों का कुल आरंभिक अतिशेष (क+ख+ग+घ)**	**तदर्थ प्राधिकरण के अधीन राज्य निधि के 90% अंश में से**	**अधिनियम के अधीन राज्य निधि के 90% अंश में से**	**वर्तमान मास (रू. में)**	**गत मास (रु. में)**	**इस माह तक संचयी धनराशि (रु. में)**
